# TOPPERSEXAM.COM

05-10-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- एशियाई खेल 2026: भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, महिला हॉकी का 44 वर्ष बाद स्वर्ण और तीरंदाजी में रिकॉर्ड उपलब्धि
- एचडीएफसी बैंक में नेतृत्व परिवर्तन: अनुप बागची बने नए एमडी एवं सीईओ, बैंकिंग क्षेत्र में RBI की नियामक भूमिका महत्वपूर्ण
- लद्दाख की 28 भौगोलिक विशेषताओं का आधिकारिक नामकरण: मानचित्रण, भौगोलिक पहचान और रणनीतिक महत्व
- UPSC के 100 वर्ष: 1926 के लोक सेवा आयोग से संवैधानिक संस्था तक का ऐतिहासिक विकास
- आसियान-भारत समुद्री अभ्यास AIME-2026: हिंद-प्रशांत में भारत की समुद्री कूटनीति और 'एक्ट ईस्ट' नीति को बढ़ावा
- 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 2026' अभियान: समुद्री प्रदूषण नियंत्रण और सतत महासागर प्रबंधन की दिशा में पहल
- IPPB के 9वें स्थापना दिवस पर 'डाकपे साउंड बॉक्स' लॉन्च: डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा
- विश्व वास्तुकला दिवस 2026: सतत, समावेशी और मानव-केंद्रित शहरी विकास पर जोर

## 1. एशियाई खेल 2026: भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, महिला हॉकी का 44 वर्ष बाद स्वर्ण और तीरंदाजी मे रिकॉर्ड उपलब्धि

आइची-नागोया एशियाई खेल 2026 के 14वें दिन भारत ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते और कुल पदक संख्या 76 हुई। महिला रिकर्व टीम ने दक्षिण कोरिया को 5-3 से हराकर इस स्पर्धा में भारत का पहला एशियाई खेल स्वर्ण पदक जीता। सुजीत कलकल ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में और लवलीना बोरगोहेन, परवीन हुडा व अंकुश पंघाल ने मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक हासिल किए। भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर 44 वर्ष बाद स्वर्ण जीता और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई किया।



## 2. एचडीएफसी बैंक मे नेतृत्व परिवर्तन: अनुप बागची बने नए एमडी एवं सीईओ, बैंकिंग क्षेत्र मे RBI की नियामक भूमिका महत्वपूर्ण

एचडीएफसी बैंक ने आरबीआई की मंजूरी के बाद अनुप बागची को 27 अक्टूबर 2026 से तीन वर्ष के लिए नया MD एवं CEO नियुक्त किया है, जो शशिधर जगदीशन का स्थान लेंगे। उनकी नियुक्ति बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35B के तहत आरबीआई की मंजूरी और शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन है। बागची को बैंकिंग, पूंजी बाजार, धन प्रबंधन और बीमा क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है तथा वे वर्तमान में ICICI Prudential Life Insurance के MD एवं CEO हैं। उन्होंने IIT कानपुर से इंजीनियरिंग और IIM बेंगलुरु से MBA किया है तथा ICICI Bank के Executive Director और ICICI Securities के MD एवं CEO के रूप में भी कार्य किया है।



## 3. लद्दाख की 28 भौगोलिक विशेषताओं का आधिकारिक नामकरण: मानचित्रण, भौगोलिक पहचान और रणनीतिक महत्व

भारत सरकार ने लद्दाख में 28 भौगोलिक स्थानों एवं विशेषताओं के नाम सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक मानचित्रों में दर्ज किए हैं, जिनमें चोटियाँ, पर्वत, दर्रे, हिमनद, घाटियाँ, नदियाँ और झीलें शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य इन भौगोलिक विशेषताओं की आधिकारिक एवं मानकीकृत पहचान सुनिश्चित करना और प्रशासनिक व वैज्ञानिक संदर्भों में एकरूपता लाना है। सर्वे ऑफ इंडिया देश का राष्ट्रीय सर्वेक्षण एवं मानचित्रण संगठन है, जो स्थलाकृतिक और भू-स्थानिक डेटा के संग्रह एवं आधिकारिक मानचित्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



## 4. UPSC के 100 वर्ष: 1926 के लोक सेवा आयोग से संवैधानिक संस्था तक का ऐतिहासिक विकास

1 अक्टूबर 2026 को भारत में प्रथम लोक सेवा आयोग की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हुए; 1926 में स्थापित यह संस्था आगे चलकर संघीय लोक सेवा आयोग और 1950 में UPSC बनी। 1855 में ICS परीक्षा, 1919 के भारत सरकार अधिनियम और 1924 की ली आयोग की सिफारिशों ने भारत में योग्यता आधारित सिविल सेवा भर्ती की नींव मजबूत की। UPSC संविधान के भाग XIV के अनुच्छेद 315-323 के तहत संवैधानिक निकाय है और अनुच्छेद 320 के तहत भर्ती परीक्षाओं तथा नियुक्ति, पदोन्नति और अनुशासनात्मक मामलों पर सरकार को सलाह देता है।



## 5. आसियान-भारत समुद्री अभ्यास AIME-2026: हिंद-प्रशांत मे भारत की समुद्री कूटनीति और 'एक्ट ईस्ट' नीति को बढ़ावा

आसियान-भारत समुद्री अभ्यास (AIME-2026) का दूसरा संस्करण 28 सितंबर 2026 को फिलीपींस के सुबिक बे में शुरू हुआ, जिसमें INS सह्याद्रि और INS कुलिश सहित आसियान देशों की नौसेनाओं ने भाग लिया। "Anchored in Trust, United at Sea" थीम वाले इस अभ्यास का उद्देश्य आपसी समझ, परिचालन समन्वय, सहयोग और अंतर-संचालनीयता को मजबूत करना है। अभ्यास में हार्बर फेज और सी फेज शामिल हैं, जिनमें पेशेवर आदान-प्रदान, सांस्कृतिक गतिविधियों और समुद्री परिचालन अभ्यास के माध्यम से संयुक्त कार्रवाई की क्षमता विकसित की जाती है।




## 6. 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 2026' अभियान: समुद्री प्रदूषण नियंत्रण और सतत महासागर प्रबंधन की दिशा मे पहल

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने 2026 में 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य समुद्री तटों की स्वच्छता, प्रदूषण के प्रति जागरूकता और समुद्री पारिस्थितिकी का संरक्षण है। अभियान में प्लास्टिक कचरे, ठोस अपशिष्ट और अन्य समुद्री प्रदूषकों को कम करने के साथ जनभागीदारी एवं तटीय स्वच्छता पर जोर दिया गया है। समुद्री पर्यावरण का संरक्षण प्रवाल भित्तियों, मैंग्रोव, समुद्री घास, मछलियों और अन्य समुद्री जैव-विविधता के लिए महत्वपूर्ण है तथा Mission LiFE से भी जुड़ा है।



## 7. IPPB के 9वे स्थापना दिवस पर 'डाकपे साउंड बॉक्स' लॉन्च: डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने 1 सितंबर 2026 को अपने 9वें स्थापना दिवस पर व्यापारियों के लिए 'डाकपे साउंड बॉक्स' लॉन्च किया, जो डिजिटल भुगतान की ऑडियो पुष्टि प्रदान करता है। 1 सितंबर 2018 को शुरू हुआ IPPB, डाक विभाग के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में बैंकिंग और डिजिटल वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देता है। 31 मार्च 2026 तक IPPB के 13.25 करोड़ ग्राहक थे और इसके माध्यम से ₹21.61 लाख करोड़ के डिजिटल वित्तीय लेनदेन दर्ज किए गए, जिसमें ₹7.41 लाख करोड़ के UPI रेमिटेंस शामिल थे।



## 8. विश्व वास्तुकला दिवस 2026: सतत, समावेशी और मानव-केंद्रित शहरी विकास पर जोर

विश्व वास्तुकला दिवस प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के पहले सोमवार को मनाया जाता है और 2026 में यह 5 अक्टूबर को मनाया जाएगा; इसकी शुरुआत International Union of Architects (UIA) ने की थी। इस दिवस का उद्देश्य वास्तुकला, निर्मित पर्यावरण और मानव जीवन को बेहतर बनाने में वास्तुकारों की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सतत वास्तुकला में ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, कम-कार्बन निर्माण और जलवायु-अनुकूल डिजाइन पर जोर दिया जाता है, जो SDG-11 से जुड़ा है। भारत में वास्तुकला आधुनिक शहरी विकास के साथ मंदिरों, स्तूपों, किलों और अन्य ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



TOPPERSEXAM.COM

1. भारतीय महिला रिकर्व टीम ने स्वर्ण पदक के मुकाबले मे किस देश को हराया ?

A - चीन
B - जापान
C - दक्षिण कोरिया
D - ताजिकिस्तान

आइची-नागोया एशियाई खेल 2026 के 14वे दिन भारत ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित 10 पदक जीतकर कुल पदक संख्या 76 कर ली। महिला रिकर्व टीम ने दक्षिण कोरिया को 5-3 से हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण जीता, जबकि महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर 44 वर्ष बाद स्वर्ण और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक का स्वतः क्वालीफिकेशन हासिल किया।



2. एचडीएफसी बैंक के नए MD एवं CEO के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?

A - शशिधर जगदीशन
B - अनुप बागची
C - संदीप बख्शी
D - अमिताभ चौधरी

एचडीएफसी बैंक ने आरबीआई की मंजूरी के बाद अनुप बागची को 27 अक्टूबर 2026 से तीन वर्ष के लिए नया MD एवं CEO नियुक्त किया है, जो शशिधर जगदीशन का स्थान लेगें। बागची को बैंकिंग व वित्तीय क्षेत्र मे 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है; वे वर्तमान मे ICICI Prudential Life Insurance के MD एवं CEO है और IIT कानपुर व IIM बेगंलुरु के पूर्व छात्र है।



3. लद्दाख मे कितनी भौगोलिक विशेषताओं के नाम आधिकारिक मानचित्रों मे दंर्ज किए गए है ?

A - 18
B - 24
C - 28
D - 32

भारत सरकार ने लद्दाख मे 28 भौगोलिक स्थानों एवं विशेषताओं के नाम सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक मानचित्रों मे दंर्ज किए है, जिससे इनकी मानकीकृत पहचान सुनिश्चित होगी। सटीक मानचित्रण सीमावर्ती लद्दाख मे सीमा प्रबंधन, अवसंरचना विकास, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जल-सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।



4. UPSC संविधान के किन अनुच्छेदों के तहत संवैधानिक निकाय है ?

A - अनुच्छेद 280-281
B - अनुच्छेद 315-323
C - अनुच्छेद 324-329
D - अनुच्छेद 343-351

1 अक्टूबर 2026 को भारत मे प्रथम लोक सेवा आयोग की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हुए; 1926 मे स्थापित यह संस्था 1950 मे संविधान लागू होने के बाद UPSC बनी और अनुच्छेद 315-323 के तहत संवैधानिक निकाय है। UPSC अनुच्छेद 320 के तहत भर्ती परीक्षाएँ आयोजित करने तथा नियुक्ति, पदोन्नति और अनुशासनात्मक मामलों पर सलाह देता है; आयोग ने 2025 के Universal Registration Number पोर्टल और 2026 के AI-आधारित फेस ऑथेटिंकेशन जैसे डिजिटल सुधार अपनाए है।



**5. AIME-2026 का आयोजन कहाँ किया गया ?**

A - मनीला, फिलीपींस
B - सिंगापुर
**C - सुबिक बे, फिलीपींस**
D - जकार्ता, इंडोनेशिया

आसियान-भारत समुद्री अभ्यास (AIME-2026) का दूसरा संस्करण 28 सितंबर 2026 को फिलीपींस के सुबिक बे मे "Anchored in Trust, United at Sea" थीम के साथ शुरू हुआ, जिसमे INS सह्याद्रि और INS कुलिश ने भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य भारत-आसियान नौसैनिक सहयोग, समुद्री सुरक्षा, परिचालन समन्वय और अंतर-संचालनीयता को मजबूत करना है तथा यह भारत की Act East Policy और MAHASAGAR दृष्टिकोण के अनुरूप है।



**6. 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया ?**

A - पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**B - पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
C - जल शक्ति मंत्रालय
D - मत्स्य पालन मंत्रालय

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने 2026 मे 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान शुरू किया, जिसका लक्ष्य समुद्री तटों की स्वच्छता, समुद्री प्रदूषण मे कमी, जनभागीदारी और समुद्री पारिस्थितिकी का संरक्षण है। यह अभियान प्लास्टिक एवं ठोस कचरे को कम करने, समुद्री जैव-विविधता की रक्षा तथा Mission LiFE और Blue Economy के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है।



**7. 'डाकपे साउंड बॉक्स' का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?**

A - नकद निकासी की सुविधा देना
**B - डिजिटल भुगतान की ऑडियो पुष्टि प्रदान करना**
C - ऋण उपलब्ध कराना
D - बीमा प्रीमियम तय करना

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने 1 सितंबर 2026 को 9वे स्थापना दिवस पर व्यापारियों के लिए 'डाकपे साउंड बॉक्स' लॉन्च किया, जो डिजिटल भुगतान की ऑडियो पुष्टि प्रदान करता है और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देता है। IPPB ने इसी अवसर पर Digital Insurance Technology Platform और Digital Mutual Fund Platform भी लॉन्च किए; 31 मार्च 2026 तक इसके 13.25 करोड़ ग्राहक और ₹21.61 लाख करोड़ के डिजिटल वित्तीय लेनदेन दर्ज किए गए।




**8. विश्व वास्तुकला दिवस की शुरुआत किस संगठन ने की थी ?**

A - UNESCO
**B - International Union of Architects (UIA)**
C - UN-Habitat
D - ICOMOS

विश्व वास्तुकला दिवस प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के पहले सोमवार को मनाया जाता है और 2026 मे यह 5 अक्टूबर को मनाया जाएगा; इसकी शुरुआत International Union of Architects (UIA) ने की थी। यह दिवस सतत वास्तुकला, ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, कम-कार्बन निर्माण और जलवायु-अनुकूल डिजाइन के प्रति जागरूकता बढ़ाता है तथा SDG-11 और भारत की स्थापत्य विरासत के संरक्षण से जुड़ा है।



# One Liner

1. लद्दाख मे सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक मानचित्रों मे कितनी भौगोलिक विशेषताओं के नाम दर्ज किए गए ? - 28

2. विश्व वास्तुकला दिवस 2026 मे किस तारीख को मनाया जाएगा ? - 5 अक्टूबर 2026

3. महिला रिकर्व टीम ने एशियाई खेल 2026 मे किस देश को हराकर स्वर्ण पदक जीता ? - दक्षिण कोरिया।

4. 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 2026' अभियान किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया ? - पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय।

5. बैंकिंग कंपनियों के MD एवं पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित बैंकिंग विनियमन अधिनियम की कौन-सी धारा है ? - धारा 35B।

6. AIME-2026 मे भारतीय नौसेना के किन दो जहाजों ने भाग लिया ? - INS सह्याद्रि और INS कुलिश।

7. AIME-2026 की थीम क्या है ? - "Anchored in Trust, United at Sea" (विश्वास मे लंगर डाले, समुद्र मे एकजुट)।

8. एशियाई खेल 2026 के 14वे दिन भारत ने कुल कितने पदक जीते ? - 10 पदक।

9. एचडीएफसी बैकं के नए MD एवं CEO के रूप मे किसे नियुक्त किया गया ? - अनुप बागची।

10. भारत मे प्रंथम लोक सेवा आयोग की स्थापना कब हुई थी ? - 1 अक्टूबर 1926।

# TOPPERSEXAM.COM

05-10-2026






# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- **Asian Games 2026: India's historic performance, women's hockey gold after 44 years and record achievement in archery**
- **Leadership change at HDFC Bank: Anup Bagchi becomes new MD & CEO, RBI's regulatory role important in the banking sector**
- **Official naming of 28 geographical features of Ladakh: mapping, geographical identification and strategic importance**
- **100 Years of UPSC: Its Historical Evolution from the Public Service Commission of 1926 to a Constitutional Body**
- **ASEAN-India Maritime Exercise AIME-2026: Boosting India's Maritime Diplomacy and 'Act East' Policy in the Indo-Pacific**
- **Clean Seas, Safe Seas 2026 Campaign: Initiatives towards Marine Pollution Control and Sustainable Ocean Management**
- **IPPB Launches 'DakPay Sound Box' on its 9th Foundation Day: Promoting Digital Payments and Financial Inclusion**
- **World Architecture Day 2026: Emphasis on sustainable, inclusive and human-centered urban development**

# TOPPERSEXAM.COM

## 1. 2026 Asian Games: India's Historic Performance – Women's Hockey Gold After 44 Years and Record Archery Achievement



On Day 14 of the Aichi-Nagoya Asian Games 2026, India won a total of 10 medals—6 gold, 2 silver, and 2 bronze—bringing its overall medal tally to 76. The women's recurve team defeated South Korea 5-3 to secure India's first-ever Asian Games gold medal in this event. Sujeet Kalkal (65kg freestyle wrestling) and boxers Lovlina Borgohain, Parveen Hooda, and Ankush Panghal clinched gold medals. The Indian women's hockey team defeated China 1-0 to win gold after 44 years and automatically qualified for the 2028 Los Angeles Olympics.

## 2. Leadership Change at HDFC Bank: Anup Bagchi Appointed New MD & CEO; RBI's Regulatory Role in Banking Sector Crucial



Following RBI approval, HDFC Bank has appointed Anup Bagchi as its new MD & CEO for a three-year term starting October 27, 2026; he will succeed Sashidhar Jagdishan. His appointment is subject to RBI approval under Section 35B of the Banking Regulation Act, 1949, and shareholder approval. Bagchi possesses over 30 years of experience across banking, capital markets, wealth management, and insurance sectors and currently serves as the MD & CEO of ICICI Prudential Life Insurance.

## 3. Official Naming of 28 Geographical Features in Ladakh: Mapping, Geographical Identity, and Strategic Significance



The Government of India has recorded the names of 28 geographical locations and features in Ladakh—including peaks, mountains, passes, glaciers, valleys, rivers, and lakes—on the official maps of the Survey of India. The initiative aims to ensure the official and standardized identification of these geographical features and to bring uniformity to administrative and scientific contexts. The Survey of India is the country's national surveying and mapping organization, playing a pivotal role in the collection of topographic and geospatial data and in official mapping.

## 4. 100 Years of UPSC: The Historic Evolution from the 1926 Public Service Commission to a Constitutional Body



October 1, 2026, marked the completion of 100 years since the establishment of the first Public Service Commission in India; established in 1926, this institution subsequently evolved into the Federal Public Service Commission and, in 1950, became the UPSC. The ICS examination (1855), the Government of India Act of 1919, and the recommendations of the Lee Commission (1924) strengthened the foundation of merit-based civil service recruitment in India.

Contact No. - 7891099005, 7891099006

## 5. ASEAN-India Maritime Exercise (AIME-2026): Boosting India's Maritime Diplomacy and 'Act East' Policy in the Indo-Pacific

The second edition of the ASEAN-India Maritime Exercise (AIME-2026) commenced on September 28, 2026, at Subic Bay, Philippines, featuring the participation of the Indian Navy's INS Sahyadri and INS Kulish alongside the navies of ASEAN nations. Centered on the theme "Anchored in Trust, United at Sea," the exercise aims to strengthen mutual understanding, operational coordination, cooperation, and interoperability. The exercise comprises a Harbour Phase and a Sea Phase, fostering joint operational capabilities through professional exchanges, cultural activities, and maritime operational drills.




## 6. 'Swachh Sagar, Surakshit Sagar 2026' Campaign: An Initiative Towards Marine Pollution Control and Sustainable Ocean Management

The Ministry of Earth Sciences launched the 'Swachh Sagar, Surakshit Sagar' (Clean Coast, Safe Sea) campaign for 2026, aiming for coastal cleanliness, awareness regarding pollution, and the conservation of marine ecology. The campaign emphasizes public participation and coastal cleanliness alongside efforts to reduce plastic waste, solid waste, and other marine pollutants. Conserving the marine environment is crucial for coral reefs, mangroves, seagrass, fish, and other marine biodiversity, and it also aligns with 'Mission LiFE'.



## 7. 'DakPay Sound Box' Launched on IPPB's 9th Foundation Day: Boosting Digital Payments and Financial Inclusion

India Post Payments Bank (IPPB) launched the 'DakPay Sound Box' for merchants on September 1, 2026—its 9th Foundation Day—providing audio confirmation for digital payments. Launched on September 1, 2018, IPPB promotes financial inclusion by delivering banking and digital financial services to rural and remote areas through the Department of Posts. As of March 31, 2026, IPPB had 13.25 crore customers and recorded digital financial transactions worth ₹21.61 lakh crore, including UPI remittances amounting to ₹7.41 lakh crore.



## 8. World Architecture Day 2026: Emphasis on Sustainable, Inclusive, and Human-Centric Urban Development

World Architecture Day is observed annually on the first Monday of October; in 2026, it will be celebrated on October 5. It was initiated by the International Union of Architects (UIA). The day aims to raise awareness about the importance of architecture and the role architects play in improving the built environment and human life. Sustainable architecture emphasizes energy efficiency, water conservation, low-carbon construction, and climate-friendly design—aspects linked to SDG-11.



# TOPPERSEXAM.COM

**1. Which country did the Indian women's recurve team defeat in the gold medal match?**

A - China
B - Japan
C - South Korea
D - Tajikistan

On the 14th day of the Aichi-Nagoya Asian Games 2026, India won 10 medals—including 6 gold, 2 silver, and 2 bronze—bringing its total medal tally to 76. The women's recurve team won a historic gold by defeating South Korea 5–3, while the women's hockey team defeated China 1–0 to secure the gold medal and automatic qualification for the 2028 Los Angeles Olympics after 44 years.




**2. Who has been appointed as the new MD and CEO of HDFC Bank?**

A - Sashidhar Jagdishan
B - Anup Bagchi
C - Sandeep Bakhshi
D - Amitabh Chaudhry

Following RBI approval, HDFC Bank has appointed Anup Bagchi as its new MD and CEO for a three-year term starting October 27, 2026; he will succeed Sashidhar Jagdishan. Bagchi has over 30 years of experience in the banking and financial sector; he is currently the MD and CEO of ICICI Prudential Life Insurance and is an alumnus of IIT Kanpur and IIM Bangalore.



**3. How many geographical features in Ladakh have had their names recorded in official maps?**

A - 18
B - 24
C - 28
D - 32

The Government of India has recorded the names of 28 geographical locations and features in Ladakh in the official maps of the Survey of India, ensuring their standardized identification. Accurate mapping is crucial for border management, infrastructure development, disaster management, environmental conservation, and water security in the border region of Ladakh.



**4. Under which Articles of the Constitution is the UPSC a constitutional body?**

A - Articles 280-281
B - Articles 315-323
C - Articles 324-329
D - Articles 343-351

October 1, 2026, marked the completion of 100 years since the establishment of the first Public Service Commission in India; established in 1926, this institution became the UPSC after the Constitution came into force in 1950 and is a constitutional body under Articles 315-323. The UPSC conducts recruitment examinations and provides advice on matters related to appointments, promotions, and disciplinary actions under Article 320.



**5. Where was AIME-2026 held?**

A - Manila, Philippines
B - Singapore
**C - Subic Bay, Philippines**
D - Jakarta, Indonesia

The second edition of the ASEAN-India Maritime Exercise (AIME-2026) commenced on September 28, 2026, at Subic Bay, Philippines, with the theme "Anchored in Trust, United at Sea," featuring the participation of INS Sahyadri and INS Kulish. The exercise aims to strengthen India-ASEAN naval cooperation, maritime security, operational coordination, and interoperability, aligning with India's 'Act East Policy' and 'MAHASAGAR' vision.



**6. Which ministry launched the ‘Swachh Sagar, Surakshit Sagar’ (Clean Coast, Safe Sea) campaign?**

A - Ministry of Environment, Forest and Climate Change
**B - Ministry of Earth Sciences**
C - Ministry of Jal Shakti
D - Ministry of Fisheries

The Ministry of Earth Sciences launched the ‘Swachh Sagar, Surakshit Sagar’ campaign in 2026, aiming for coastal cleanliness, reduction of marine pollution, public participation, and the conservation of marine ecosystems. The campaign focuses on reducing plastic and solid waste, protecting marine biodiversity, and promoting environmental sustainability and economic growth through 'Mission LiFE' and the 'Blue Economy'.



**7. What is the primary objective of the ‘DakPay Sound Box’?**

A - To facilitate cash withdrawals
**B - To provide audio confirmation of digital payments**
C - To provide loans
D - To determine insurance premiums

India Post Payments Bank (IPPB) launched the ‘DakPay Sound Box’ for merchants on its 9th Foundation Day on September 1, 2026; this device provides audio confirmation of digital payments and promotes financial inclusion. On the same occasion, IPPB also launched a Digital Insurance Technology Platform and a Digital Mutual Fund Platform; as of March 31, 2026, it had recorded 13.25 crore customers and digital financial transactions worth ₹21.61 lakh crore.

**8. Which organization initiated World Architecture Day?**

A - UNESCO
**B - International Union of Architects (UIA)**
C - UN-Habitat
D - ICOMOS

World Architecture Day is celebrated annually on the first Monday of October, and in 2026, it will be observed on October 5; it was initiated by the International Union of Architects (UIA). This day raises awareness about sustainable architecture, energy efficiency, water conservation, low-carbon construction, and climate-friendly design, and is linked to SDG-11 and the preservation of India's architectural heritage.



# One Liner

1. Which two Indian Navy ships participated in AIME-2026? - INS Sahyadri and INS Kulish.

2. How many geographical features had their names recorded in the official maps of the Survey of India for Ladakh? - 28

3. Which country did the women's recurve team defeat to win the gold medal at the 2026 Asian Games? - South Korea.

4. When was the first Public Service Commission established in India? - 1 October 1926.

5. On which date will World Architecture Day 2026 be observed? - 5 October 2026

6. Who was appointed as the new MD and CEO of HDFC Bank? - Anup Bagchi.

7. How many total medals did India win on the 14th day of the 2026 Asian Games? - 10 medals.

8. Which ministry launched the ‘Swachh Sagar, Surakshit Sagar 2026’ (Clean Coast, Safe Sea 2026) campaign? - Ministry of Earth Sciences.

9. What is the theme of AIME-2026? - “Anchored in Trust, United at Sea”.

10. Which section of the Banking Regulation Act deals with the appointment of MDs and whole-time directors of banking companies? - Section 35B.